तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

14 भीषण गर्मी, बदली और बूंदा-बांदी सब्जी व ...

13 जिपं सदस्य दमयंती ने सांकरा (ज) स्कूल की ...




## खबर संक्षेप

### दिव्या उमेश मिश्रा बालोद की नई कलेक्टर पदस्थ

बालोद। जिले के कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल को जिला से स्थानांतरित कर जिला खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई का कलेक्टर बनाया गया है। नए कलेक्टर के रूप मे दिव्या उमेश मिश्रा को जिला बालोद का कलेक्टर बनाया गया है। बता दे सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा संचालक, लोक शिक्षक तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधार परिशद्, मिशन संचालक, राज्य साक्षरता मिशन का कार्यभार संभाल रही थी।

### शहीद की पुण्यतिथि पर सत्संग कार्यक्रम आज

गुण्डरदेही। ग्राम फुंडा मे शहीद लोकेश कुमार साहू एवं स्व.थानसिंह साहू की पुण्य स्मृति मे आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन 20 अप्रैल को किया जाएगा। समारोह मे संत रविकर साहेब संत पूर्णेन्द्र साहेब के साथ संत श्री रामबालक दासजी महात्यागी पाटेश्वर धाम जामड़ी उपस्थित रहेंगे, साथ ही कार्यक्रम मे कवि सीताराम साहू "श्याम" शिवकुमार अंगारे व केशव साहू भी शामिल होगे। वही कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशिल्या साय होगी। अध्यक्षता समाजसेवी तिमिरेन्दु शेखर सिंह कंवर करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, प्रमोद जैन व आकाश पांडे उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम मे आयोजक परिवार द्वारा भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

हरे रामा हरे कृष्णा गौ शाला समिति को गौ संरक्षण के लिए उचित सहायता दी जाएगी : सांसद बघेल

# भारतीय संस्कृति में गौ माता को प्रथम रोटी खिलाना पुण्यदायी : रूपनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

हरे रामा हरे कृष्णा गौ शाला समिति कौही द्वारा वार्षिक आम सभा सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, विश्व हिंदू परिषद दुर्ग जिला अध्यक्ष संतोष गोलछा अतिथि मंच पर आसीन रहे। सम्मेलन में वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी गई, आय बढ़ाने पर व्यापक चर्चा भी हुई। नई समिति पदाधिकारी चुने गए। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि गाय माता यू ही नहीं कहलाती वह तो अपने स्तन से निकली दूध हमे उपलब्ध कराती है जिसे पीकर आप हम सब बलिष्ठ स्वस्थ रहते है । इसके अलावा गौ मूत्र स्वास्थ लाभ के लिए और गोबर पेंट सहित कीट नाशक के लिए उपलब्ध कराती है। इतनी उपयोगी गाय माता का संरक्षण करने के लिए गौशाला समिति कौही ने जो कदम उठाया है कंठ मुक्त सराहनीय है इनकी हर संभव सहायता प्रत्येक व्यक्ति को यथायोग्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहिंसावादी संस्कृति में गाय माता को प्रथम रोटी खिलाना बड़ा पुण्य माना गया है। अनेकों धर्म प्रेमी आज भी गाय माता को यह सम्मान देते है। सिन्हा ने कहा कि किसी भी हालत में गाय माता के साथ कोई दुर्व्यवहार ना करे उन्हें क्षति ना पहुंचाएं धर्म प्रेमियों को पूर्णतः सजग रहना चाहिए। कौही गौशाला को संवारने दान दाता सक्रिय भूमिका निभाए सुकून शांति मिलेगा।

### गौ मूत्र स्वास्थ के लिए लाभदायी, गोबर से पेंट का निर्माण और कीट नाशक के लिए है उपयोगी





### योगेश्वर को संरक्षक और ईश्वर अध्यक्ष बनाया गया

गौशाला का पुनः निर्वाचन सम्मेलन में किया गया। जिसमें संरक्षक योगेश्वर साहू, अध्यक्ष ईश्वर यादव, उपाध्यक्ष द्रोपती साहू, पुनीत राम साहू, सचिव राजेश साहू, सह सचिव माखनलाल चंद्राकर, सदस्य मुकेश साहू, हेमलाल साहू अन्य और सदस्यों को सम्मेलन के अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, सांसद विजय बघेल, विश्व हिंदू परिषद दुर्ग जिला अध्यक्ष संतोष गोलछा की उपस्थिति में चुने गए।

### सांसद ने उचित प्रबंधन में सहयोग करने का समिति को दिया आश्वासन

सांसद विजय बघेल ने गौशाला परिसर को भ्रमण कर देखे और उचित प्रबंधन में सहयोग करने का समिति को आश्वासन दिए। समिति ने प्रभावी निरीक्षण के लिए सासंद को साधुवाद ज्ञापित करते हुए आग्रह किए कि सड़कों पर इधर उधर भटक रहे पशुओं को गौशाला में लाकर उनको संरक्षण देने लायक निर्माण में त्वरित सहयोग अवश्य करने की कृपा करे। समिति ने सांसद विजय बघेल को बताया कि पर्याप्त धन सहयोग नहीं मिलने के कारण समिति चाह कर भी माकूल व्यवस्था नहीं कर पा रही है। जगह तो उपलब्ध है निर्माण एवं अन्य व्यवस्था हेतु अभाव बना हुआ है।

### गाय माता की सुरक्षा के लिए स्वस्फूर्त दान करें

विश्व हिंदू परिषद दुर्ग जिला अध्यक्ष संतोष गोलछा ने कहा कि परिषद भी गौशाला समिति की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। गोलछा ने कहा कि टीम बनाकर समिति दान दाताओं के दरवाजे जाए जो दे उनका भला ना दे उनकी मजएँ के तर्ज पर रनिंग करे। संतोष गोलछा ने दान दाताओं से भी आग्रह किए कि स्वस्फूर्त गाय माता की सुरक्षा सुव्यवस्था के लिए दान करने का पुण्य कार्य अवश्य करे।

# पालिका उपाध्यक्ष से पेंशन संघ ने भवन व अन्य सुविधा की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ शाखा बालोद द्वारा नगर पालिका के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष नगर पालिका बालोद कमलेश सोनी थे। अध्यक्षता वार्ड नंबर 4 के पार्षद प्रीतम यादव ने किया। विशेष अतिथि श्यामकली तिवारी और नमिता ठाकुर रही। जिसमे संघ के अध्यक्ष आरपी यादव तथा संघ के पदाधिकारी अमृत लाल सोनी प्रमोद शर्मा, विजय ठाकुर, दूरगु साहू, मनटोरा यादव, अनुसुइया आर्य, पुष्पा नामदेव तथा सफाई कामगारों ने स्वागत किया।

अतिथियों द्वारा दीप जलाकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। श्याम कली तिवारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को मांग पत्र देने की जरूरत नहीं है, स्वयं जाकर समस्याओं को देखना चाहिए सभी जाने पहचाने अपने लोग शहर में रहते है। संघ के अध्यक्ष ने मांग पत्र में पेंशनरों के लिए भवन या कमरा उपलब्ध करने, नगरपालिका पेंशन राशि बहुत विलंब से मिलता है उसे हर माह 1 से 5 तारीख भेजेने हेतु संचनालय को भेजा जावे, कुमारी बाई स्वीपर की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उनके पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति किया जाय, बाल मंदिर के चारदीवारी निर्माण की मांग रखी गई।

बाल मंदिर के प्रधान पाठिका ने बाल मंदिर में सफाई कार्य हेतु स्वीपर रखने, एक नल कनेशन और स्कूल की पुताई करने की मांग रखी। स्वागत गीत आरपी यादव और अमृत सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वार्ड पार्षद ने मांग पत्र के संबंध में कहा कि सभी मांगे उचित है उसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया। स्कूल की समस्या का निराकरण किया जाएगा। आभार कार्यकारिणी अध्यक्ष अमृत सोनी ने किया। उल्लेखनीय है कि बाल संस्कार शाला में विशेष योगदान देने के लिए पूर्व व्याख्याता राजश्री पटेल को पेंशनर संघ नगर पालिका बालोद द्वारा सम्मानित किया गया।

# नारागांव जंगल में एक नीलगाय का शव मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे एक माह के अंदर एक अन्य जंगली जीव का शव जंगल मे मिला है। ग्राम नारागांव से लगे जंगल मे एक नीलगाय का शव मिला है, जिसका शव ग्राम मे स्थित डेम के पास मिला।

नीलगाय की मौत किस वजह से हुआ यह तो पोस्टमार्डम व जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। जिले मे कुछ दिनो पहले ही जंगल मे भालू का शव को तांदुला के तट पर दफना दिया गया था जिसमे विभागीय जांच के बाद कई अधिकारी कर्मचारी पर विभाग द्वारा कार्यवाही की गई थी। लेकिन यह मामला अभी ठंडा भी नही हुआ था कि एक अन्य वन्यजीव का शव मिलने से जिले मे हड़कंप मच गया है। वही नीलगाय के मौत के बाद शव को देखते हुए आशंकाओं का बाजार गर्म है।

ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार नीलगाय का झुण्ड अक्सर पानी पीने दोपहर को दौड़ते हुए डेम मे आते दिखते है, इसी प्रकार कुछ दिन पहले इसी प्रकार नीलगाय का झुण्ड भरी गर्मी मे अपनी प्यास बुझाने के लिए दौड़ते भागते डेम के पास पहुचते ग्रामीणो ने दूर से देखा गया था। लेकिन कुछ दिनो बाद ग्रामीणो को जंगल के उस जगह जहां नीलगाय पानी पीने उतरे थे वहां एक नील गाय का शव देखने को मिला जिसके बाद ग्रामीणो ने वन विभाग को जानकारी दी।

# ट्रक ने बाइक को ठोका, पति की मौत और पत्नी है गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मे सड़क फिर खून से लाल हो गई। ट्रक की चपेट मे आने से युवक की मौत हो गई व उसकी पत्नी ग्रभीर रुप से घायल हो गई। घटना बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैरी की है।

ट्रक चालक इतना लापरवाह था कि मोटरसायकल को टक्कर मारने के बाद ड्राइवर मोटरसायकल सवार को लगभग आधा किलोमीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया, एक्सीडेंट बालोद थाना क्षेत्र में हुआ, लेकिन ट्रक ड्राइवर बाइक सवार को घसीटते हुए गुण्डरदेही थाना क्षेत्र तक लेकर चला गया। टक्कर से महिला उछलकर दुर गिर गई जिससे वह ट्रक की चपेट मे सीधे नही आई लेकिन ट्रक की ठोकर व उछलकर दुर गिरने से उसे गंभीर चोंटे आई है।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार दंपति राजनांदगांव जिले के रवेलीडीह ननकट्टी के रहने वाले हैं, मिली जानकारी के अनुसार माइंस की गाड़ी दुर्ग की ओर जा रही थी और बाइक सवार दंपति दुर्ग से बालोद भेंगारी गांव शादी से वापसी जा रहे थे इसी दौरान ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक में बैठी पत्नी दूर गिर गई, बाइक सहित उसके पति को ट्रक घसीटते हुए लेकर चला गया, जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई, मृतक का नाम विशंभर साहू 40 वर्ष बताया गया है वहीं महिला का नाम टिकेश्वरी साहू है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।


विजेता को प्रमाण पत्र सहित नकद राशि दी गई

# अर्जुंदा की छात्रा पायल रंगोली स्पर्धा में रहीं प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला एवं सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर, नारा लेखन, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता मे शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की पायल निषाद ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य रूप से राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन डॉ नीता बाजपेई, कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ भूपेंद्र कुलदीप, पूर्व कार्यक्रम समन्वयक रासेयो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ आरपी अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक रासेयो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ जैनेन्द्र कुमार दीवान, जिला संगठक रासेयो जिला बालोद डॉ लीना साहू एवं समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक उपस्थित थे। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा जिला बालोद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविका पायल निषाद जो बीएससी तृतीय वर्ष की छात्र है को रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें प्रमाण पत्र, बुक और 2100 रूपए की नगद राशि से सम्मानित किया गया। वहीं नारा लेखन प्रतियोगिता में राकेश कुमार कुंभकार कक्षा एमए अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें भी प्रमाण पत्र बुक और 1500 के नगद राशि से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने पायल निषाद और राकेश कुमार के लिए हर्श व्यक्त किया।







## खबर संक्षेप



### कलारिन कालेज का समर कैंप 1 से

गुरूर। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर मे क्षेत्र के छात्र–छात्राओं के लिए कंप्यूटर शिक्षा साथ ही विभिन्न विषयों का अध्ययन अध्यापन कराया जा रहा है। व्यापम परीक्षा की तैयारी भी निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से समर कैंप के रूप में 1 अप्रैल से 31 मई तक दिया जा रहा हैं।

### धू धू कर जलने लगा कैश वेन, धन की क्षति नहीं



डौंडीलोहारा। नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में केश वेन के पहुंचते ही इंजन में धुंआ उठता दिखाई दिया। चालक ने चालाकी दिखाते हुए तुरंत ही बोनट को खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया ,तब लोगों अपने-अपने घरों से पानी ले जाकर आग बुझाने में सहयोग दिया। बैंक से अग्निशमन यंत्र लाकर आग पर काबू पाया गया। गनीमत ये रही कि आग पर जल्द ही बुझा लेने के कारण कोई अन्य कोई नुकसान नहीं हुआ।

## निधन

### कामिनी साहू

गुरूर। ग्राम ठेकवाडीह निवासी कामिनी ( झरना) साहू 31 वर्ष का निधन हो गया है। जिनका अंतिम



संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। कामिनी साहू वर्तमान में आदिवासी कन्या छात्रवास गुरुर में नियमित कर्मचारी के रूप मे पदस्थ थी। वे दुष्यंत साहू और कांति साहू की पुत्रवधू थी, नंद किशोर साहू की पत्नी, राधे श्याम साहू की भाभी और देवांशी साहू की मां थी।

### सुभद्रा बाई सिन्हा

गुरूर। ग्राम बोरतरा निवासी सुभद्रा बाई सिन्हा का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा की चाची थी।

# दिल्ली में दिगंबर जैन मंदिर तोड़े पर जैन समाज में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सकल जैन समाज दल्लीराजहरा में नई दिल्ली में तोड़े गए जैन मंदिर को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है,16 अप्रैल को जैन समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक और आक्रोशपूर्ण दिन बन गया, जब एक प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर को असंवेदनशील तरीके से गिरा दिया गया। इस घटना ने देशभर के जैन समाज को झकझोर कर रख दिया है। विशेषकर दल्लीराजहरा जैन समाज में इस घटना के बाद गहरा आक्रोश व्याप्त है।

जैसे ही इस घटना की जानकारी फैली, पूरे क्षेत्र में जैन समाज ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने मंदिर स्थल पर एकत्र होकर प्रशासन और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ा रोष जताया। जैन समाज का कहना है कि यह सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं था, बल्कि उनकी आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रतीक था। दल्लीराजहरा जैन समाज का बयानः /"धार्मिक स्थलों का अपमान नहीं सहेंगे/" दल्लीराजहरा जैन समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मंदिर तोड़ने की यह कार्रवाई न केवल असंवैधानिक है, बल्कि यह धार्मिक स्वतंत्रता और भावनाओं पर सीधा आघात है।/"हम इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह केवल एक मंदिर नहीं था, बल्कि हमारी आस्था का जीवंत प्रतीक था। इसकी पुनःस्थापना तक हम चुप नहीं बैठेंगे,/" – यह कहना था समाज के वरिष्ठ सदस्य सुभाषचंद्र जैन ,संजय सुनील जैन और कमल चोपड़ा, सौरभ जैन, सार्थक मित्तल आदि लोगों का प्रशासन पर सवाल सकल जैन समाज ने यह भी आरोप लगाया कि इस कार्रवाई से पहले किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई थी। ना तो कोई नोटिस जारी किया गया, ना ही समुदाय को कोई कानूनी विकल्प अपनाने का अवसर मिला।

## जैन समाज ने किया प्रदर्शन, धार्मिक आस्था पर हमला बर्दाश्त नहीं करने की दी चेतावनी



**दुखद धरना**

जैन समाज की एकता का उदाहरण इस दुखद घटना के बाद भी जैन समाज की एकता और शांति का उदाहरण देखने को मिला। बिना किसी हिंसा के समाज ने संगठित तरीके से विरोध दर्ज कराया। कई शहरों और राज्यों से भी समर्थन की लहरें उठ रही

### सकल जैन समाज की मांगें

मंदिर तोड़ने के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। . तत्काल मंदिर का पुनर्निर्माण हो और समाज को न्याय मिले। भविष्य में किसी भी धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने से पहले सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। यह घटना सिर्फ जैन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक चेतावनी है कि धार्मिक स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। जैन समाज ने जिस तरह संयम, एकता और दृढ़ता का प्रदर्शन किया है, वह प्रेरणादायक है।

## टीवी पर पारिवारिक मूवी को देखकर हुआ विवाद, आरोपी जेठ ने हत्या करना किया कबूल

# निपानी रामबती हत्याकांड का खुलासा आरोप विजय साहू को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

निपानी हत्याकांड मृतिका रामबती का जेठ ही हत्यारा निकला। आरोपी विजय के द्वारा मृतिका के बाल को पकडकर सिर को जमीन में पटक कर हत्या की गई थी। आरोपी ने टीवी मे चल रहे एक पारिवारिक मुवी मे पारिवारिक विवाद की कहानी का अपने घर के विवाद का जोड़ने व इसी दौरान पहुंचे जेठ से विवाद होने के बाद जेठ ने घटना को अंजाम दिया था।

- पुलिस एक सप्ताह के अंदर हत्या की गुत्थी सुलझाई

प्रेस वार्ता मे पुलिस ने बताया कि 14 अप्रैल को ग्राम निपानी में रामबती साहू की संदेहास्पद सिथति मे मिली थी।घटना स्थल देखने पर हत्यात्मक प्रकृति का पाए जाने पर एफएसएल एवं डॉग टीम को बुलाकर मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ किया गया। मृतिका के पति रामेश्वर साहू ने बताया कि 12 अप्रैल को लोक कला नाचा पाटएँ में काम करने ग्राम बुची भरदा व 13 अप्रैल को भानुप्रतापुर के ग्राम अतामार में कार्यक्रम देने गया था। 13 अप्रैल को मेरी पत्नि घर पर थी, मेरे दोनो बच्चे, मेरे दोनो भाभियां तथा बच्चे गांव के परिवार में एक कार्यक्रम में दिन को बाहर चले गये थे, घर मे पिता माता जिनको लकवा मार दिया है तथा मेरा भाई विजय साहू उनकी बेटी मुस्कान घर में थे। रात्रि में करीबन 08:00 बजे मेरी पत्नि मेरे पापा और मां को खाना खिलाकर टीवी देख रही थी, हम सभी भाई अलग अलग अपने अपने हिस्से के मकान रूम में रहते है, मेरे पिता जी को खाना खिलाने के बाद पिता जी को उनके कमरे में भेज दिये और पिता जी तथा मेरे बड़े भाई विजय, भतिजी मेरी माता जी को लकवा होने से देखरेख करने के लिए उनके कमरा में रात्रि 09 बजे सो गये। लगभग 12 बजे रात्रि को मेरी बेटी पायल और गुंजन अपने बड़ी मम्मी व अन्य बच्चों के साथ वापस घर आये तब मेरी बेटियां घर के अंदर गई तो देखी घर का दरवाजा खुला हुआ था, मेरी पत्नि अपने कमरा में फर्स में लेटी थी। घटना इसी दौरान हुआ था।



प्राथएँ रामेश्वर साहू पिता श्याम लाल साहू 35 वर्ष की रिपोर्ट पर धारा 103(1), 332 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी पता तलाश हेतु दो टीम बनाई गई थी। एक टीम घर के सदस्यों की तस्दीक कर रही थी, दूसरी टीम गांव में कैंप कर पता तलाश कर रही थी। गांव के कैमरा, आस पास के लोगो से पुछताछ के दौरान व घर के जेठ आरोपी विजय साहू का पुछताछ करने पर गोल मोल जवाब व हर बार अलग अलग जवाब दे रहा था, चूंकि हत्या का आरोपी मृतिका का ही परिजन था, इस कारण पुलिस को पाइंटेड कर आरोपी की पहचान करने में परेशानी हो रही थी ।

बार बार पुछताछ के बाद अंततः विजय साहू ने स्वीकारा कि मृतिका रामबती साहू जो 13 अप्रैल की रात्रि 09 से 10 बजे के मध्य जब वह घर में टीवी मे पारिवारिक मुवी में घर के लोगो के द्वारा समझाना देखकर व अपने खुद के घर में भी बहू रामबती के द्वारा परिवारिक विवाद को जोड़ते हुए बात करने हेतु जाने और मृतिका से पुछने पर मृतिका के द्वारा गाली गलौच करने से आक्रोश में आकर मृतिका जो पलंग मे बैठी थी को खींचकर मृतिका के बाल को पकड़कर तीन चार बार माथे को जोर से जमीन पर पटक कर मारकर वहां से भाग गया। घटना करने के प"चात आरोपी के द्वारा साक्ष्य छुपाने के नियत से अपने हाथ पैर और कपड़े चप्पल को धोया। आरोपी के घटना दिनांक को पहने कपड़े चप्पल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## कर्मा भवन की पूजा और जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह आगाज आज शोभायात्रा से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

तहसील स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 20 अप्रैल को ग्राम कोनारी में होगा।

भक्त माता कर्मा की 1009 वी. जयंती के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल एवं स्थानीय साहू समाज कोनारी के संयुक्त तत्वाधान में भव्य तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, नवनिर्मित भवन का पूजा (सत्यनारायण कथा) एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान का आयोजन किया दिनांक 20 अप्रैल को किया जायेगा।

कार्यक्रम सुबह 9 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा प्रातः 10:00 से - सत्यनारायण पूजा एवं माता कर्मा की पूजा आरती ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम 12:00 बजे - कु. सोनम साहू भोथली द्वारा पंडवानी प्रस्तुति दोपहर 1 बजे अतिथियों का आगमन स्वागत एवं उद्बोधन व सम्मान, शाम 5 बजे भक्त माता कर्मा की महाआरती एवं राष्ट्रगान के समापन होगा. इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं पूर्व गृह मंत्री छ.ग. शासन ताम्रध्वज साहू होंगे।अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंद लाल साहू, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री छ.ग. शासन रमशीला साहू,पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन जागेश्वर साहू,पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू,पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन दीपक ताराचंद साहू, पूर्व अध्यक्ष जिला सह. केन्दीय बैंक मर्या. दुर्ग राजेन्द्र साहू,कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग. खिलावन सिंह साहू,कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग. राजेश साहू,, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग दिव्या कलिहारी,उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग कृष्णा प्रसाद साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य दुर्ग श्रीमती श्रद्धा साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य दुर्ग कु. प्रिया साहू, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पंचायत उतई सरस्वती नरेन्द्र साहू, नवनिर्वाचित जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्ग राकेश हिरवानी, अध्यक्ष तह. साहू संघ पाटन दिनेश साहू,अध्यक्ष तह. साहू संघ दुर्ग शहर पोषण साहू,, अध्यक्ष तह. साहू संघ धमधा श्यामलाल साहू,, सरपंच पंचायत ग्राम कोनारी गुंजेश्वरी पारख साहू सहित समाज के वरिष्ठ गण उपस्थित होंगे। उक्त जानकरी तहसील साहू संघ के मिडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू ने दी।

## भारत देशमुख की स्मृति में होने वाले लीग मैच का हुआ ट्रायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम कोनारी में दुर्ग जिला कबड्डी संग द्वारा स्वर्गीय भारत देशमुख की स्मृति मे ग्राम कोलिहापुरी मे आयोजित होने वाली स्पर्धा का ट्रायल मैच प्रारंभ हुआ। इसमें जिले के लगभग 200 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। गौरतलब हो कि यह स्पर्धा विगत वर्ष रिसलि मैदान मे संपन्न हुई थी। इस बार ग्राम कोलिहापुरी मे संपन्न होगा। उसकी पूर्व तयारी के लिए जिले में संपूर्ण तैयारियां हो चुकी हैं। ट्रायल मैच की शुरुआत करते हुए दुर्ग जिला कमेटी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने बताया की छत्तीसगढ़ का यह आयोजन कबड्डी खेल के लिए एक नई दिशा देगा। गौरतलब हो कि आईपीएल क्रिकेट की तरह यह कबड्डी स्पर्धा देश मे अपनी पहचान बना चुकी है। यह आयोजन दुर्ग जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष केशव बंटी हरमुख के मार्गदर्शन एवं नव ज्योति क्रीड़ा मंडल कोनारी के सहयोग से संपन्न हुआ । अंत मे जिला कबड्डी संघ के सचिव पीलू पारकर ने कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया।

### ये रहे उपस्थित

ट्रायल स्पर्धा ग्राम पंचायत कोनारी की सरपंच गुंजेश्वरी साहू, पीलू पारकर सचिव दुर्ग जिला कबड्डी संघ, भारत लाल ताम्रकार एनआईएस कोच, नवीन देशमुख अध्यक्ष स्व.भरत लाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्था, मोहित साहू उपाध्यक्ष जिला कबड्डी संघ, सुलेंद्र निर्मलकर, उपाध्यक्ष,रवि साहू सहित होलकर पारकर,संतोष साहू, भूषण देशमुख ,मनोज पांडे, शेखर साहू,टिकेश्वर, भारत यादव ,निर्मल, गुलाब बेल चंदन ,चंद्रशेखर साहू ,निखिल, भावेश ,दीपक विश्वकर्मा ,गणेश्वर,लालकृष्ण, भूमेश उपस्थित थे।

## शैलदेवी कॉलेज में यौन उत्पीड़न जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन

अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय में यौन उत्पीड़न जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता उमा भारती साहू तथा अधिवक्ता जेपी राव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अधिवक्ता उमाभारती ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की रोकथाम हेतु जागरूकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को महिला संबंधी विधि एवं न्याय संबंधित जानकारी प्रदान की।

समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने हेतु शिक्षा को एक प्रबल माध्यम बताते बताते हुए शिक्षित और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। समाज में हो रही घटनाओं को साझा करते हुए मोबाइल तथा इंटरनेट का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने तथा अनजान और असामाजिक तत्वों से दूरी बनाने की सलाह दी। वर्तमान में हो रहे बाल अपराधों की जानकारी देते हुए पीओसीएसओ एक्ट के संबंध में जानकारी प्रदान की और छात्रों को बाल अपराध के प्रति सचेत किया। अधिवक्ता जेपी राव ने छात्रों से नशे को अपराध का एक बड़ा कारण बतलाया और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की, और समझाया कि





आवश्यकता पढ़ने पर किस प्रकार विधिक साहायत प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं की सहायता हेतु चलाई जा रही योजना जैसे सखी सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार महिलाएं किसी भी प्रकार के अपराध या दुर्व्यवहार होने की स्थिति में सखी सहायता केंद्र से सहयोग प्राप्त कर सकती है। शैलदेवी महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

## जिपं सदस्य दमयंती ने सांकरा (ज) स्कूल की जानकारी ली






बालोद। जनपद सदस्य दमयंती हरदेल ने अपने जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज पहुंची। जहां उन्होंने प्राचार्य व शिक्षकों से मुलाकात कर भवन की वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही भवन की जर्जर हालत को देख चिंता जाहिर की। पता चला कि उक्त भवन के लिए प्रशासकी स्वीकृति एक करोड़ 21 लाख रुपए पूर्व में मिल चुकी है। लेकिन अब तक वित्त मंत्रलय से स्वीकृति के चलते टेंडर की प्रक्रिया लटकी हुई है।

जिससे नया भवन नहीं बन पा रहा है। इस आ रही दिक्कत को देखते हुए उन्होंने प्राचार्य सहित शाला प्रबंधन समिति से जुड़े लोगों को आश्वस्त किया कि जरूरत पड़ने पर इस संबंध में शासन तक बात रखने के लिए वे वित्त मंत्रलय तक भी जाएंगे। इसी तरह वे परसदा बड़े पारा के प्राइमरी स्कूल में भी पहुंची। जहां पर शिक्षक सहित पालकों के बीच जर्जर भवन के संबंध मे बैठक हुई। बाहर से सही सलामत दिखने वाला यहां का प्राइमरी स्कूल भवन अंदर से जर्जर हो चुका है।

जिसको लेकर भी उन्होंने जल्द ही शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के जरिए मिलकर उक्त भवन के मरम्मत और अतिरिक्त भवन और किचन शेड की स्वी—ति दिलाने को लेकर प्रयास करने की बात कही। सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जनपद सदस्य दमयंती हरदेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष सभी मांगों को पहुंचाकर यथा संभव निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ समाजसेवी सुभाष हरदेल सहित अन्य मौजूद रहे।

### विकासखंड सचिव व स्काउटर प्रतिनिधियों ने की नपा अध्यक्ष टेकाम से सौजन्य भेंट

## स्काउटिंग छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए है सकारात्मक माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के सक्रिय स्काउटर गाइडर ने नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निर्वेंद्र सिंह टेकाम से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विकासखंड डौंडीलोहारा सचिव छगन बंसोर एवं संयुक्त सचिव नोम साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर सचिव द्वारा श्री टेकाम को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

स्काउटिंग गतिविधियों को लेकर विशेष चर्चा हुई। विकासखंड सचिव ने स्काउटिंग के महत्व, बालक-बालिकाओं में नेतृत्व विकास, सेवा भावना, अनुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण में स्काउटिंग की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग न केवल



छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी बनती है। श्री टेकाम ने स्काउटिंग की जानकारी पाकर अत्यंत उत्साहित हुए। उन्होंने स्काउटिंग गतिविधियों को नगर पंचायत स्तर पर व्यापक रूप में प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने निर्णय लिया कि विकासखंड मुख्यालय के नेतृत्व करने के कारण आगामी समय में नगर पंचायत क्षेत्र में एक बड़ा स्काउटिंग कार्यक्रम आयोजित कर इसे वृहद रूप में फैलाने का कार्य किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक युवाओं और विद्यार्थियों को इससे जोड़ा जा सके।

**ये रहे उपस्थित** : इस अवसर पर स्काउटर प्रमुख रूप से मिलन सिन्हा, छगन बंसोर, बेनी राम साहू, , दुष्यंत कोलियारे, गजेन्द्र खरे, परमानंद साहू, महेश जगनायक, अनिल यादव, रेंजर लीडर कैशरीन बैग, नोम साहू, रोहणी नायक, हिरमन चौरके, हिमा देवहारी, डीलेश्वरी साहू, चंद्रकला ठाकुर आदि स्काउटर-गाइडर उपस्थित रहे।

## जनपद अध्यक्ष से प्लस आवास के लिए क्षेत्र में कराया सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे प्रदेश सरकार द्वारा मोर दुआर साय सरकार महाअभियान आवास प्लस सर्वे के तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने 19 अप्रैल को अपने जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत मिरऍटोला, आनंदपुर में जनता को अवगत कराते हुए छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का आवास प्लस 2.0 के माध्यम से सर्वे किया। साथ ही सर्वेयर को यह सुनिश्चित करने को कहा की सर्वे बार बार नही होता इसलिए कोई भी पात्र परिवार आवास के लाभ से वंचित न हो एवं सभी ग्रामीणजनो से अपील की कि अभी गांव में सर्वे चल रहा है जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है।



सुनीता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध और पारदशएँ ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले। आम लोगों से अपील की कि जो परिवार कमाने खाने बाहर है वह भी समय निकाल कर अपने गांव आए और सर्वे में भाग लेवे। इस अवसर पर जनपद सदस्य फ़ागुनदाह हेमन्त साहू, जनपद सदस्य कुलिया संतोषी साहू, जनपद सदस्य भेजा मैदानी कौशिल्या चन्द्रवंशी, जनपद सदस्य चन्दनबिरही परमिला साहू, संजय साहू, आवास मित्र शेखर सिंन्हा ग्राम पंचायत सरपंच, पंच गण एवं गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित, 9वीं-11वीं में छात्राएं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाटाबोड़





शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में स्थानीय परीक्षा के अंतर्गत कक्षा छठवीं, सातवीं एवं नवमी और 11वीं का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्रवण ठाकुर और विशेष अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच कृष्णा राम साहू जी उपस्थित थे कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जे आर साहू जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परीक्षा प्रभारी एम एल सार्वा जी ने परीक्षा परिणाम सम्मुख रखे। कक्षा नवी में कुल 63 विद्यार्थी में से 46 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए,11 विद्यार्थी पूरक और छह विद्यार्थी अनुतीर्ण हुए, इस प्रकार कक्षा नौवीं का परीक्षा फल का प्रतिशत 73% रहा। कक्षा नवमी में प्रथम तुकेश्वरी 87.15%,द्वितीय सुप्रिया 86% , तृतीय खेमनाथ आदिल 83.5 प्रतिशत 11वीं कला में कुल 27 विद्यार्थी में से 24 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और तीन विद्यार्थी अनुतीर्ण परीक्षा फल 85% रहा इस कक्ष मेंप्रथम कुमारी संजना 78.8%द्वितीय योगिता 76.8 प्रतिशत और तृतीय कु.यीशु 68.8 प्रतिशत 11वीं विज्ञान में कुल 21 विद्यार्थी में से 21 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे परीक्षाफल 100% रहा कक्षा में प्रथम स्थान कुमारी खुशबू 80% द्वितीय स्थान नवीन कुमार 78% तृतीय स्थान कुमारी मोनिका 77% रहा। इसी प्रकार 11वीं वाणिज्य में कुल 11 विद्यार्थी में से 11 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और परीक्षाफल 100% रहा इस कक्षा में प्रथम भावेश कुमार 75.7 % भूषण लाल द्वितीय 71. 01% तृतीय कुमारी पुष्पांजलि 63.7% रहा संस्था के माध्यमिक विभाग में कक्षा छठवीं और सातवीं का भी परीक्षा फल परीक्षा प्रभारी एस.के. शांडिल्य ने घोषित किया कक्षा छठवीं में 34 में से 34 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए इस कक्ष में प्रथम स्थान ओम प्रकाश 87.3% द्वितीय कुमारी प्रेरणा 85.5% तृतीय पंकज कुमार 81.16% प्रहा इसी प्रकार कक्षा सातवीं में कुल विद्यार्थी 40 में से 40 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए प्रथम स्थान कुमारी राशि 88.66 % द्वितीय स्थान कुमारी पूनम 81% और तृतीय स्थान कुमारी डीगेश 76.5 प्रतिशत प्राप्त किया।इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रवण ठाकुर सरपंच कृष्णा राम साहू और विद्यालय के प्राचार्य जे आर साहू ने संबोधन कर सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया शाला प्रबंधन समिति सदस्य रोमन कल्याणी हेमंत कामडे, दशरथ साहू, मनहरण साहू,ध्रुव कुमार साहू कौशल साहू, चंद्रहास साहूतथा शाला परिवार से शिक्षक गण यु एल देशमुख, एम एल सार्वा, आई एल साहू, यू के साहू, एस के कौशिक पी राणा सरोज रावटे, एन के जांगड़े तथा माध्यमिक विभाग से एस के नायक प्रधान पाठक, एस के शांडिल्य वेदिका साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी ने मनाई बाबा आंबेडकर की जयंती

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वी जयंती व बहुजन समाज पार्टी की 41वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सतनाम भवन ग्राम खोपली में किया गया l इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन दर्शन को बताया गया तथा उनके उनके अधूरे कारवां को बीएसपी के माध्यम से पूर्ण करने का संकल्प लेकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचने का संकल्प लिया गया l इस अवसर पर जिले के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### संजय नेता प्रतिपक्ष, विजेन्द्र बने उप नेता प्रतिपक्ष

**दुर्ग।** अभा कांग्रेस के महासचिव व छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट ने ननि में नेता प्रतिपक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष की सूची जारी की है। जिसमें दुर्ग ननि में पूर्व विधायक अरूण वोरा के समर्थक रहे पूर्व जल विभाग के प्रभारी संजय कोहिले को नेता प्रतिपक्ष और पार्षद विजेन्द्र पटेल को उप नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी हैं। विगत 16 अप्रैल को नियुक्ति पत्र जारी की गई है।

### कार्यालय का आबंटन नहीं

**दुर्ग।** ननि में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष को कार्यालय का आबंटन ही नहीं किया है। सभी एमआईसी को कार्यालय का बकायदा आबंटन कर दिया गया है। जिसे लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने ने आयुक्त सुमीत अग्रवाल को पत्र लिखा है।

### प्लेसमेंट कैम्प 25 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 25 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिमा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई एवं रिलाईस निपोन लाईफ इंश्युरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा अधिसूचित कुल 103 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। महिमा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई द्वारा डॉक्टर, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, आईसीयू इंचार्ज, एक्स-रे सहित मेडिकल स्टोर हेतु 88 पदों पर साक्षात्कार लिया जाएगा।

### पीएम आवास प्लस योजना के सर्वे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ललित चंद्राकर

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि अब कोई भी पात्र हितग्राही पक्का आवास पाने से वंचित नहीं रहे। इसके लिए अधिकारी कर्मचारी डोर टू डोर सर्वे करें और हितग्राहियों के घर तक पहुंचकर योजना का लाभ दिलाएं। अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। योजना का लाभ हर गरीब को मिलना चाहिए इस बात का विशेष ध्यान रखें। कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द सर्वे कार्य करें। चंद्राकर ने कहा प्रदेश में आवास प्लस टू सर्वे अभियान शुरू हो गया है। इसके साथ गांव-गांव में टीम के लोग पहुंचेंगे और पक्का आवास के लिए पात्र हितग्राहियों को चयन होना शुरू हो गया है। इससे जो छूटे हुए वंचित लोग हैं, उनका नाम भी सर्वे सूची में जुड़ जाएगा।

**प्रदर्शन :** कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर की नारेबाजी, पुलिस को दिखाया वीडियो

# राजीव भवन में तोड़फोड़ से बिफरे कांग्रेसी, पुलिस के साथ जमकर बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी का पुतला दहन किए जाने के बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस भवन में घुसकर तोडफोड किया। जिससे आक्रोशित कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट तक रैली निकाली और दो दर्जन से अधिक उपद्रवियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। कांग्रेसियों को कलेक्टोरेट परिसर के बाहर पुलिस ने रोक दिया। जहां पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर बहस भी हुई।

नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस भवन के सामने पुतला दहन किया। कांग्रेस का आरोप है कि, भाजपाई भवन में घुसकर तोडफोड करने लगे। उस दौरान भवन में कुछ ही कांग्रेसी थे। हांलाकि इसकी जानकारी मिलने के बाद कांग्रेसी नेताओं में बेहद आक्रोश है। उन्होने इस मामले में तोडफोड करने वाले उपद्रवियों पर तत्काल अपराध दर्ज करने की मांग की हैं। कलेक्टोरेट परिसर के सामने कांग्रेसी पुलिस से भिड गए थे। जहां पुलिस पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने का दबाव भी बनाया। कांग्रेसियों ने अंजोरा चौकी में आरक्षको की पिटाई और वर्दी फोडने के मामले में भी कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को घेरा। प्रदर्शन के बीच कलेक्टोरेट में पुलिस बल बस के जरिए भी पहुंच गई थी। हांलाकि आधे घंटे बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। कांग्रेसियों ने इस मामले में एसपी को लिखित ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और आरएन वर्मा, अलताफ अहमद, रत्ना नारमदेव, अजय मिश्रा व एनएसयूआई के नेता भी शामिल रहे।

**कहा- चार थाने के टीआई और सीएसपी के सामने कैसे घुसे भाजपा**



### पुलिस ने कहा बहस न करें, कांग्रेस ने कहा दबाव में हो क्या

कलेक्टोरेट के सामने पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। कांग्रेसियों ने कहा पुतला दहन के दौरान चार थाने के टीआई और सीएसपी मौजूद थे। इसके बाद भी भाजपा नेता बेरीकेट्स तोडकर भवन में कैसे घुस गए। उन्होने कहा अगर एफआईआर नही होगा तो जवानों को निलंबित करने की मांग करेगें। इस पर एएसपी सुखनंदन राठौर ने कहा बहस न करे, जांच के बाद जो भी तथ्य होगें। उसके आधार पर कार्यवाही होगी। लेकिन कांग्रेस पहले अपराध दर्ज करने की बात कही। उन्होने सवाल उठाया क्या पुलिस दबाव में हैं।

### कांग्रेसियों ने पुलिस पर लगाया पक्षपात का आरोप

कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, किसी के घर में घुसकर उपद्रव किया जाए तो क्या एफआईआर दर्ज नही होगी, कहा कांग्रेस भवन हमारे लिए मंदिर है। शहर अध्यक्ष गया पटेल ने कहा गेट से कूदकर नेता भवन के अंदर घुए गए थे। महामंत्री राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कांग्रेसी नेता अगर ऐसा करते तो तत्काल कार्यवाही हो जाती। उन्होने कहा नैतिकता के नाते मामले में तत्काल एफआईआर होनी चाहिए। सौरभ ताम्रकार ने कहा, भाजपा नेता भवन के अंदर घुसकर उपद्रव कर रहे थे। जिसका पुलिस को वीडियों सौंपा गया हैं। कांग्रेसियों ने कहा भाजपा जब पुतला दहन कर रही थी तो क्यो नही रोका गया। उन्होने पुलिस पर पक्षपात करने का भी आरोप लगाया।

**लोकतंत्र पर हमला**

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में घुसकर न सिर्फ तोड़फोड़ की, बल्कि राजीव भवन का नामपट्ट तक मिटा दिया। ये हरकत सिर्फ ईंट-पत्थर पर हमला नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। **-अरूण वोरा,** पूर्व विधायक दुर्ग

### युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन



नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा कोर्ट में चार्जशीट सीट दाखिल किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश युवा मोर्चा के निर्देशानुसार दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा के द्वारा दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में एकत्रीकरण होकर रैली के रूप में कांग्रेस भवन के पास कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का झूमा झटकी भी हुई। शनिचरी बाजार के सामने पुतला दहन के बाद भाजपाई बेरीकेट्स लांघकर कांग्रेस भवन में भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक सांवला राम डहरे, सभापति श्याम शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव अमित मिश्रा, मनोज शर्मा, सानिध्य चंद्राकर उपस्थित रहे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव ने कहा पूरी कांग्रेस पार्टी शुरू से करप्ट रही है और इनका आचरण समय-समय पर आम जनमानस के बीच में आता भी रहा है। युवा मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा नेशनल हेराल्ड की 2000 करोड़ की संपत्ति हासिल करने की कोशिश की एक लंबी प्रक्रिया के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने चार्जशीट दाखिल किया है। प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार आज हमने यह पुतला दहन वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में किया।

## आधा दर्जन टंकियां नहीं भरी, परेशान रहे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- गर्मी की शुरुआत में ही पानी को लेकर हाहाकार

रायपुर नाका स्थित 42एमएलडी में रखरखाव कार्य के चलते शुक्रवार को भी सुबह पेयजल की आपूर्ति ठप रही। जिसके कारण वार्डवासियों को सुबह का पानी नही मिल पाया। निगम प्रशासन का दावा है कि, शुक्रवार को देर शाम पेयजल आपूर्ति सामान्य हो गई।

पाइपलाइन में आय दिन लिकेज के कारण अपडाउन लिया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को 42एलएलडी में मेटेनेन्स कार्य कराने के चलते पेयजल सप्लाई शुक्रवार को बाधित रहा। जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि, गुरूवार को देर रात इंटकवेल में सब स्टेशन का डीओ उड गया था। जिसे सुबह सुधारा किया गया। इसी कारण सप्लाई बाधित रही, हांलाकि देर शाम सप्लाई शुरू कर दिया गया। इसके पहले मेटेनेन्स कार्य गुरूवार को भी किया गया। ऐसे में दावा किया गया था कि, शुक्रवार को सप्लाई सामान्य हो जाएगी। लेकिन सुबह नल नही खुलने से वार्डवासी परेशान रहे। मेटेनेन्स के कारण गुरूवार को पांच बिल्डिंग सिविल लाईन, बोरसी- वार्ड नं. 49 (बोरसी पश्चिम), वार्ड नं. 50 (बोरसी पूर्व), वार्ड नं. 51 (बोरसी उत्तर), वार्ड नं. 52 (बोरसी दक्षिण) के आंशिक व वार्ड नं. 46 (पद्मनाभपुर पूर्व) के आंशिक,पोटिया टंकि वार्ड नं. 52 बोरसी दक्षिण, वार्ड नं. 53 पोटियाकला उत्तर, वार्ड नं. 54 पोटियाकला दक्षिण,बघेरा- वार्ड नं. 1 नयापारा, वार्ड नं. 2 राजीव नगर, वार्ड नं. 03 मठपारा दक्षिण, वार्ड नं. 04 मठपारा उत्तर रामनगर, बघेरा, बटालियन,सिकोला उरला- वार्ड नं. 14 सिकोला भाटा, वार्ड नं. 15 सिकोला बरती दक्षिण, वार्ड नं. 16 सिकोला बस्ती उत्तर, वार्ड नं. 57 उरला पश्चिम, वार्ड नं. 58 उरला पूर्व,कातुलबोर्डः- वार्ड नं. 21 तितुरडीह आंशिक आदि प्रभावित रहे।

### कांग्रेस की निगम प्रशासन को चेतावनी

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने व उप नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र पटेल का कहना है कि, अप्रैल माह में अभी गर्मी की शुरुआत ही हुई है और शहर में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। समस्या मूलक वार्डों में तो लोग अभी से बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और नगर निगम प्रशासन को बगैर पानी पीए कोस रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े से शहर में पेयजल वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। बगैर किसी पूर्व सूचना के पेयजल आपूर्ति ठप कर दी जाती है। कभी शिवनाथ नदी के इंटकवेल में तो कभी फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी आ जाती है। नतीजतन पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है।सामाधान नहीं होने पर नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन पर बाध्य होगी।

## कौशल विकास के लिए 41 शिक्षक जाएंगे पुणे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

- पीएमश्री योजना के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ चरण के विद्यालयों से जाएंगे
- दुर्ग संभाग के 36 और बालोद जिले के 5 व्याख्याता जाएंगे

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों से 132 व्याख्याता' भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान ' पुणे में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा पीएमश्री योजना के अंतर्गत, शिक्षकों की गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में क्षमता विकास हेतु आयोजित है । कार्यशाला में आशीष गौतम, पीएमश्री समन्वयक छत्तीसगढ़,के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को पुणे प्रस्थान करेगी। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे। कार्यशाला में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दुर्ग संभाग से राजनांदगांव, बालोद ,बेमेतरा,दुर्ग,कवर्धा,खैरागढ़ छुई खदान,मोहला मानपुर चौकी जिलों के 36 व्याख्याता भागीदारी देंगे। दुर्ग जिले से अपने विद्यालय में सक्रिय छह व्याख्याताओं का चयन इस कार्यशाला हेतु किया गया है। जिनमें श्रीमती प्रीति जैन व्याख्याता रसायन पीएमश्री नगपुरा,श्रीमती चंद्रमुखी साहू व्याख्याता गणित पीएमश्री बालाजी नगर खुर्सीपार,सुश्री आर आर रोशनी, व्याख्याता गणित पीएम श्री बोरी, अजय सिंह व्याख्याता जीव विज्ञान पीएम श्री कुम्हारी, श्रीमती माया पेटकर व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री जामुल एवं श्रीमती गीतिका बन्छोर व्याख्याता जीव विज्ञान ,पीएम श्री अहिवारा के नाम शामिल हैं। इन सभी के चयन पर उनके विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### इनका हुआ चयन

बालोद जिले से श्रीमती शशि किशोरे व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री अर्जुन्दा, श्रीमती लिट्टी फ्रांसिस, व्याख्याता रसायन पीएमश्री डौंडी, श्रीमती वंदना पासी व्याख्याता जीव विज्ञान, पीएमश्री गुरुर, होमन लाल साहू व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री कन्नेवाडा, अभिषेक कुमार सहारे व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री डौंडी लोहारा। बेमेतरा जिला से श्रीमती स्मृति अग्रवाल व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री राठी, सुश्री तनु रिया वर्मा विज्ञान पीएमश्री मारो, श्रेयांस शर्मा व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री थानखम्हरिया, श्रीमती भावना वैष्णव व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री नवागढ़, श्रीमती मंजूषा चंद्रवंशी व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री देवर वीजा, श्रीमती अंजू वर्मा व्याख्याता रसायन पीएमश्री देवकर, यागवेंद्र डिक्सेना व्याख्याता भौतिकी पीएमश्री बेरला। कवर्धा जिला से श्रीमती रीना पंडित,व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री बोदला, पवन कुमार साहू व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री पंडरिया,श्रीमती रेणुका टांडिया व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री लोहारा, डिगेश चंद दिवाकर व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री कवर्धा, विनोद कुमार चंद्रवंशी व्याख्याता रसायन पीएमश्री पिपरिया,श्रीमती स्वाति खटकर, व्याख्याता रसायन पीएमश्री पोडी। खैरागढ़ छुईखदान जिला से सुशील तिवारी व्याख्याता रसायन पीएमश्री जालबांधा, संजय श्रीवास्तव व्याख्याता भौतिक पीएमश्री खैरागढ़ ,श्रीमती नंदनी जांगड़े व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री गंडई ,सुश्री प्रेरणा केसरवानी व्याख्याता भौतिक पीएमश्री छुई खदान, पुकेश्वर् लाल व्याख्याता गणित पीएमश्री खैरागढ़। मोहला मानपुर चौकी जिला से रवि प्रकाश यादव व्याख्याता जीव विज्ञान पीएम श्री मानपुर, अनिल कुमार साहू, व्याख्याता भौतिक पीएमश्री मोहला, सुशील कुमार चौरसिया व्याख्याता भौतिक पीएमश्री अंबागढ़ चौकी। राजनांदगांव जिला से श्रीमती लेखा साहू व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री राजनादगांव ,श्रीमती पूजा भार्गव व्याख्याता जीव विज्ञान पीएमश्री डोंगरगढ़ , निखिलेश जंबुलकर व्याख्याता रसायन पीएमश्री छुरिया, संदीप कुमार वर्मा व्याख्याता गणित पीएमश्री डोंगरगांव हैं।

## जुनवानी चौक पर आपराधिक तत्वों ने किया हुड़दंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत जुनवानी चौक, चाय लाइन सहित आसपास के एरिए में बीती रात शरारती तत्वों ने जमकर हुड़दंग हुआ। मामले में दो पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लात-घूसे बरसाए। बेस बॉल बैट, हॉकी, डंडे से एक दूसरे पर ताबड़तोड़ प्रहार किए।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल में जांच जारी है। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस ने मिहिर जायसवाल की शिकायत पर रोहन सिंह और रोहन सिंह की शिकायत पर मिहिर जायसवाल के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस मामले में किसी अमित सिंह का नाम भी सामने आया है, लेकिन अब तक उसे आरोपी नहीं बनाया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आपसी रंजिश के कारण यह पूरी घटना हुई। रोहन सिंह और अमित सिंह नामक युवक का पुराना झगड़ा था। दोनों इसी बात को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। इस बीच बचाव के लिए मिहिर पहुंच गया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। मिहिर जायसवाल से रोहन का विवाद शुरू हो गया। अमित और उसके साथ मौजूद कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।

## विद्यार्थियों ने किया स्नेह संपदा विद्यालय का भ्रमण

**भिलाई।** शिक्षा संकाय के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अनुभवजन्य शिक्षा प्राप्त किया। जिसमें उन्होंने स्नेहा संपदा विद्यालय सेक्टर 8 में रहने वाले विशिष्ट बालकों और वरिष्ठजन के जीवन को पास से अनुभव किया। विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा रविंद्र शिर्के, एस आशा, राजेश्वरी गुप्ता, राधा साहू, गायत्री ठाकुर ने बीएड प्रशिक्षु को यहां रहने वाले बच्चों की विशेषताएं व रहन-सहन के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक बाधाओं के बावजूद यह सभी बच्चे आत्मनिर्भर हैं व अपना काम स्वयं करते हैं और इन सभी में एक विशिष्ट योग्यता है। यहां के बच्चों की आंखों में जीवन के प्रति उत्साह झलक रहा था, जिससे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। यह भ्रमण शिक्षा संकाय के सभी विद्यार्थियों के लिए बहुत ही प्रेरणादायी और उपयोगी सिद्ध हुआ।

## ग्रीष्मकालीन छुट्टी पर रोक से गुरूजी नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुशासन अभियान संचालित होने के कारण शिक्षको के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हर साल 1 मई से 16 जून तक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाता है। लेकिन इस पर रोक लगाने से गुरूजी नाराज हो गए है। शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा लेकिन हर साल किसी न किसी कार्यक्रम का हवाला देते हुए शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर स्थानीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा रोक लगा दिया जाता है। जिससे शिक्षक संवर्ग ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं ले पाते हैं। ऐसा शिक्षकों के साथ बार-बार हो रहा है। पिछले वर्ष भी लोकसभा निर्वाचन के चलते शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं मिल पाया था। इस बार भी छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार मनाने के नाम पर स्थानीय स्तर पर 31 मई तक अधिकारियों और कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जबकि 1 मई से 15 जून तक शिक्षकों को पहले ही छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रदान किया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मुख्यालय नहीं छोड़ने के स्थानीय आदेश से शिक्षकों में भारी निराशा और नाराजगी होने लगी है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय खेलों में छग के खिलाड़ियों का परचम हासिल किए 45 पदक

**भिलाई।** दिल्ली में आयोजित चौथे खेलो मास्टर्स राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों ने उत्कष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 45 पदकों हासिल करने का गौरव हासिल किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स इंटरनेशनल स्टेडियम, खेलगांव और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित इसप्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया और एथलेटिक्स, फुटबॉल, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स श्रेणी में बीएसपी कर्मचारी व प्रसिद्ध धावक भागवत राम नेताम ने तीन कांस्य पदक हासिल किये है। एथलेटिक्स में किशन ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किए। सभी ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

### बेटे की बारात निकलनी थी इधर पिता की हो गई हत्या

**कुम्हारी।** बेटे की बारात लेकर जाने की तैयारी में परिवार जुटा रहा। लेकिन एक दिन पहले पिता की धारदार हथियार से हत्या कर शव को फेक किया गया था। परिजनों को सूचना मिलने पर वृद्ध को अस्पताल लेकर जाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रामपुर चोरहा गांव निवासी भागवत मारकंडे 55 वर्ष को गुरुवार आधी रात को चाकू व डंडा मारकर हत्या कर शव फेंक दिया गया था। उसकी लाश घर के बाहर लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। कुम्हारी पुलिस मृतक के चारों बेटों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इस मामले में संदेहियों से सवाल-जवाब किए है। मिली जानकारी के मुताबिक भागवत मारकंडे के चार में से दूसरे नंबर के बेटे का विवाह 19 अप्रैल को था। पूरा परिवार इस शादी को लेकर खुश और उत्साहित था। लेकिन बीते रात 11.30 बजे भागवत मारकंडे घर के बाहर बुरी तरीके से जख्मी हालत में पड़ा मिला। परिजनों की नजर भागवत पर पड़ी तब उसे एपेक्स अस्पताल पहुंचाया गया। भागवत के गले में किसी तेजधार हथियार से मारने के निशान भी पाए गए है। इसके अलावा शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट के भी वार है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ में जुटी हुई है।

# भीषण गर्मी, बदली और बूंदा-बांदी, सब्जी व धान फसल के लिए घातक


हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले मे मौसम लगातार करवट ले रहा है और कभी तेज धूप के साथ गर्मी तो कभी तेज हवाओ के साथ काले घने बादल आते ही हल्की बूंदा बांदी देखने को मिल रही है। ऐसे मे फसलो के साथ लोगो के स्वास्थ पर असर पड़ रहा है।

जिले मे कुछ हफ्तो से मौसम मे लगातार फेरबदल देखा जा रहा है, जिसके कारण जिले मे किसानो द्वारा लगाए गए धान के फसल के साथ हरी सब्जीयो मे असर देखने को मिल रहा है, वर्तमान मे धान मे बालिया आना प्रारंभ हो गई है, जो तेज आंधी की चपेट मे आने से जमीन से लिपट जा रही है, जिससे धान का फसल खराब होने की संभावना बनी रहती है। वही जिले मे आंधीयो के साथ आसमान मे काले बादल तो आ रहे है लेकिन बूंदा

### फसलों को बीमारी से बचाने दवाइयों का करें छिड़काव





बांदी ही हो रही है ऐसे मे थोड़ी बहुत हो रही बूंदा बांदी से भी फसल नुकसान का डर बना हुआ है। वही हो रही हल्की बूंदा बांदी से हरी सब्जीयो मे कीड़े लगने की संभावना बनी हुई है। कृशि केन्द्र संचालक डिलेश्वर साहू ने बताया कि वर्तमान मे हो रहे मौसम मे फेरबदल को लेकर कृशक सतर्क रहे, धान की बालिया निकल रही है ऐसे मे लगातार मौसम मे हो रहे फेरबदल के दौरान विशेष सावधानी किसानो को बरतनी चाहिए, ताकि धान की निकल रही बालियो पर कोई प्रभाव न पड़े और थोड़ी बहुत बिमारी दिखने पर किसानो को तुरंत दवाई की छिड़काव कर उस पर काबू पाने का कोशिश करना चाहिए, ताकि उनके 6 माह की की गई मेहनत खराब न हो। वही हरी सब्जी लगाने वाले किसानो को लगतार अपने फसल की सिचाई के साथ पत्तो व फलो मे लगने वाले किड़ो पर नजर रखते हुए सावधानी बरतनी चाहिए ताकि फसल को नुकसान न हो।

### परेशानी : घंटों इंतजार के बाद नहीं मिल पा रहा है राशन

# उचित मूल्य की दुकानों में नेटवर्क फेल, हितग्राही हैं बेहद परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले मे शासकीय उचित मूल्य की दुकानो मे अब नेटवर्क की समस्या के कारण लोगो को राशन के लिए घंटो इंतजार करने से राहत मिलने वाली है, इसके लिए जिले मे संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानो को ई–पॉस मशीन प्रदान की जा रही है, जो छोटा होने के साथ नेटवर्क समस्या होने पर आसानी से किसी अन्य जगह लाने ले जाने मे मोबाईल की तरह आसान होगा।

- नई ई-पॉस मशीन प्रदान करने की पहल से मिलेगी राहत

जिले मे संचालित राशन दुकानो मे महीने की शुरूवात से लेकर अंत तक आम जनता को अपने कामो से समय निकालकर राशन दुकानो मे अपने राशन लेने के लिए लाईन लगाते देखा जाता है, इस दौरान कई बार लोगो को राशन लेने के लिए घंटो इंतजार भी करना पड़ता है तथा कई बार




नेटवर्क समस्या के कारण सुबह से शाम होने के बाद भी लोगो को राशन नही मिल पाता, इन सब समस्याओ को देखते हुए अब जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानो को नई ई–पॉस मशीन प्रदान की जा रही है, जिससे राशन दुकानो मे आने वाली कई समस्याओ से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जहां पुराना मशीन बड़ा होने के साथ ही उसे कही लाने ले जाने मे समस्या का सामना दुकान संचालको को करना पड़ता था, लेकिन यह नई ई–पॉस मशीन मोबाईल की तरह छोटा व कही भी लाने ले जाने मे सहायक है, इसमे पुराने बड़े मशीन की तरह हर सुविधा प्रदान की गई है।

जिसके तहत इसमे फिंगर प्रिंट, कैमरा, रसीद पर्ची, यूएसबी, बड़ा स्क्रीन के साथ ही अन्य चीजे इसमे दी गई है जिससे की आगे किसी भी तरह की समस्या का सामना बहुत कम करना पड़े। शासकीय उचित मूल्य के दुकान संचालको ने बताया कि पूर्व मशीन मे बहुत से खामिया थी, जिसके कारण ग्राहको को राशन प्रदान करने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ता था, जिसके कारण ग्राहक तो परेशान होते थे, हमे भी कई परेशानियो का सामना करना पड़ता था, लेकिन यह नई मशीन पुरानी मशीन मे आई समस्याओ को देखते हुए बनाई गई है ताकि ग्राहको के साथ हमे पुराने समस्याओ का सामना नही करना पड़े। वही पुरानी मशीन मे सबसे बड़ी समस्या नेटवर्क की थी, आगे मशीन का संचालन करने पर ही पता चल पाएगा कि पुरानी समस्याओ का समाधान नई मशीन के माध्यम से हो पाएगा कि नही। वही संवाददाता द्वारा मशीन को देखने पर उसमे फिंगर पिंट मे लाईट नही जलने की एक खामी पाई गई, बुजुर्ग अगर फिंगर लगाते है तो लाईट जलने व उसके बंद होने पर उनको पता चल जाता है कि उनका फिंगर प्रिंट हो गया, लेकिन लाईट नही जलने की स्थिति मे बुजुगो को दिक्कतो का सामना करना पड़ सकता है।

# ईश्वर के नाम स्मरण से ही मिलती है मुक्ति : वरुणजी



**बालोद/निकुम।** ग्राम खुरसुनी में बाजार चौक कलामंच में हो रहे संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन की कथा सुनाते हुए भगवताचार्य पं. वरुण तिवारी ने कहा कि अजामिल ने अपने पुत्र का नाम भगवान के नाम पर नारायण रखे थे, हर घड़ी नारायण नारायण पुकारते, वही विप्ति के समय नारायण नाम पुकारा तो उसका उध्दार हो गया।

इसी प्रकार भक्त प्रहलाद के कारण हिरण्यकष्यम जैसे दैत्यो का उध्दार करने के लिए भगवान ने नरसिंह रुप अवतार धारण कर भक्ति का महत्व समझाया, वही कौरवो के सभा चीरहरण में लल्जित होकर द्रोप्रती ने कृष्ण को पुकार सच्चे हद्य से पुकारते ही प्रभु ने आए, वहीं ग्राह के मुख में फंसे गजेन्द्र ने अपने प्राण की रक्षा करने करुण हद्य से पुकार सुनकर करुणानिधि श्रीहरि ने गजेन्द्र की रक्षा किया, कलयुग केवल नाम अधारा, कलयुग में केवल नाम लेने से जीव माया रुपी भवसागर से पार हो जाता है, लेकिन जीव मोह और अहंकार जो कलयुग का सबसे बड़ा दोश है, जिसमें छः विकार है, काम, कोध्र, माया, मोह, लोभ, मत्सर है, सबसे खतरनाक है, मोह है, जिसमें कई प्रकार के शूल पैदा होता है, जो दिखाई देगा नही फिर भी दर्द बहुत है, इसका अंत सिर्फ हरिनाम से होगा, संत्सग हरिकथा श्रवण करे, जीवो पर दया करे, तनिक पर जिवह् स्वाद के लिए मनुष्य पाप करते हुए, तामसी भोजन कर रहा है, व्यक्ति क्षण भंगुर आंनद और दिखावे के फेर में माया के जाल में मकड़ी की तरह अपने ही जाल में बुन रहा है, घरो में अब गौ माता की रंभाने की नही "वानो की भौं भौं सुनाई देती है, समय रहते माया की निंद्रा से जागे। इस आयोजन में परीक्षित रुवरुप टेकराम साहू व कांति बाई है, जिसमें भूपेन्द्र साहू, उर्वशी साहू, संतोश साहू, धनेश्वरी साहू, शीतल साहू, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन कथा श्रवण कर रहे है। वही 20 अप्रेल को कृष्ण जन्म की कथा दोपहर दो बजे से संध्या तक होगी।

# ओरमा में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की

**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा में सरपंच मंजूलता परस साहू के मार्गदर्शन मे पशु पक्षियों के लिए पानी रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि पशु पक्षी पानी के अभाव में दम तोड़ देते हैं इसे ध्यान में रखकर घरों की छतों व



आंगन मे, बाड़ी मे, खतों मे पानी की व्यवस्था रखें। मंजूलता ने बताया कि 15 जून तक भीषण गमएँ रहती है, इसके चलते आज पशु पक्षी खेत ख्लिहान छोड़कर गांव बस्ती की ओर पहुंच रहे, इसको ध्यान में रखते हुए आज ग्राम पंचायत मुख्यालय में पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान सरपंच मंजूलता परस साहू, जनपद सदस्य मोहिनीस पार्कर, उप सरपंच रामचंद्र यादव, रोजगार सहायक कुलेश्वर पटेल, पंच सुदामा साहू, डोमार कुंभकार, फ़ग्नि निषाद, सगुना साहू, दुलेश्वरी साहू, ममता सोनकर, देवंतीन सोनकर, ग्राम समिति के अध्यक्ष नेम लाल साहू, प्रीतम सोनकर, अभिजीत श्रीवास्तव, बल्लू साहू, गोरेलाल साहू, पूनम साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।













